यह जादू है?

रॉबर्ट लोपशायर

यह जादू है?

रॉबर्ट लोपशायर

"मुझे जादू पसंद है!" बोरिस ने कहा.
"तो ठीक है, अंदर आओ," टैड ने कहा.

जादुई सितारा

अपनी पहली ट्रिक (चाल) के लिए,
टैड ने एक थाली, थोड़ा पानी और
पाँच टूथपिक्स लीं.

टैड ने टूथपिक्स को बीच में मोड़ा.
उसने उन्हें तोड़ा नहीं.
फिर उसने उन्हें थाली में डाल दिया.

फिर टैड पानी लाया.
"यह जादुई पानी है, बोरिस!
टूथपिक्स पर कुछ पानी डालो!"

बोरिस ने वो किया.

टूथपिक्स थोड़ी हिलीं.
दो मिनट में उन्होंने मिलकर एक सितारा बनाया!
"बहुत खूब!" बोरिस ने कहा.
"वो निश्चित रूप से जादुई पानी होगा!"
"हाँ," टैड ने कहा.
"मुझे भी ऐसा ही लगता है."

डिब्बा हटाने वाली ट्रिक

टैड ने एक अखबार और एक डिब्बा लिया.
उसने बोरिस से डिब्बे को छुए बिना
अखबार हटाने को कहा.

"वो आसान है!" बोरिस ने कहा.
"मैं अखबार को जोर से खीचूंगा!"

"अरे बाप रे," बोरिस ने कहा.
"मैंने जरूर कुछ गलती की होगी!"

फिर टैड ने यह किया.
उसने अखबार को गोल-गोल लपेटा.
उसने डिब्बे को बिल्कुल नहीं छुआ.
कागज़ डिब्बे को धकेलता रहा.
डिब्बा मेज़ पर खड़ा रहा.
"मैंने इस तरीके के बारे में नहीं सोचा था,"
बोरिस ने कहा.

पानी की ट्रिक

टैड ने एक गिलास पानी
और एक रुमाल लिया.

टैड ने गिलास को रुमाल से ढंक दिया.
फिर उसने कहा, "मैं पानी पिऊंगा.
लेकिन मैं पानी पीने के लिए रुमाल
को नहीं हटाऊँगा."

"का-वूम!" टैड ने कहा.
"पानी ख़त्म हो गया!"

"नहीं!" बोरिस ने कहा.
"देखो, पानी तो ख़त्म
नहीं हुआ!"

"पानी अब ख़त्म हो जाएगा," टैड ने कहा.
"और देखो, मैंने गिलास से रुमाल नहीं हटाया.
रुमाल हटाने का काम तुमने किया!"

नैपकिन ट्रिक

टैड ने तीन पेपर नैपकिन लिए.
दो सफ़ेद और एक रंगीन.
उसने दोनों सफेद नैपकिन्स को
एक साथ बांध दिया.

"देखो, बोरिस, क्या तुम सफेद नैपकिन
के बीच में रंगीन नैपकिन रख सकते हो.
तुम उन्हें फाड़ नहीं सकते.
न ही तुम उनकी गाँठ खोल सकते हो."

"अगर मैं उन्हें फाड़ नहीं सकता या गाँठ
नहीं खोल सकता," बोरिस ने कहा,
"तो फिर वो करना असंभव है!"

"तुम्हें बस इतना ही करना है," टैड ने कहा.
"अब रंगीन नैपकिन, सफ़ेद नैपकिन्स के बीच में है!"
"तुमने फिर से मुझे मूर्ख बनाया!" बोरिस ने कहा.

कूदने वाली चाल

टैड ने एक सिक्का लिया.

उसने सिक्के को रगड़ा.
"फ्लोबी-डूबी!" उसने कहा.
"देखो, अब यह सिक्का जादुई बन गया है."
"सच में?" बोरिस से पूछा.
"सच में," टैड ने कहा.

"अगर मैं इस जादुई सिक्के को नीचे रख दूं,
तो तुम उसके ऊपर से कूद नहीं पाओगे," टैड ने कहा.
"मुझे यकीन है मैं वो कर पाऊंगा!" बोरिस ने कहा.

टैड ने सिक्का, बोरिस के सिर पर रख दिया.
"चलो छलांग लगाओ," टैड ने कहा.
"सिक्के के ऊपर से कूदो."
"तुमने फिर से मुझे धोखा दिया!" बोरिस ने कहा.
“हां, मुझे वो पता है," टैड ने कहा.

जादुई क्लिप्स

टैड ने एक कागज
और दो पेपर क्लिप लिए.

उसने कागज को इस प्रकार मोड़ा.
फिर उसने दोनों पेपर क्लिप्स को
कागजमें इस तरह फंसाया.
फिर उसने वो कागज़ बोरिस को दे दिया.

"मैं जादुई मंत्र पढ़ूंगा," टैड ने कहा.
"जब मैं मंत्र पढ़ूं, तो तुम कागज के
दोनों सिरों को जोर से खींचना!

"रिप-ज़िप-फ़्लिप-क्लिप!" टैड ने कहा.
बोरिस ने कागज़ के सिरे ज़ोर से खींचे.

"देखो, दोनों क्लिप एक-साथ जुड़ गए!"
बोरिस ने कहा.
"वो असली जादू है!"
"कोई भी उसे कर सकता है," टैड ने कहा,
"अगर वो 'रिप-ज़िप-फ़्लिप-क्लिप!'
का मंत्र पढ़े."

गाँठ का जादू

टैड ने एक रूमाल लिया.
उसने उसे लपेटा.

"इस रुमाल में मैं एक गांठ बांधूंगा.
गांठ बांधते समय मैं रुमाल के किसी भी छोर को नहीं छोड़ूंगा," टैड ने कहा.
"अरे!" बोरिस ने कहा.
"वैसा करना असंभव होगा!"

टैड ने रूमाल मेज पर रख दिया.
उसने अपनी दोनों बाहें क्रॉस कीं और फिर उसने रुमाल के दोनों सिरों को एक-एक हाथ से उठाया.

टैड ने सिरों को कसकर पकड़कर रखा.
फिर उसने अपनी बाँहें अलग कीं.
रुमाल के बीच में एक गाँठ थी!
"ओह!" बोरिस ने कहा. "मैं भी वो कर सकता हूँ!"

"यह एक आसान चाल है," टैड ने कहा.
"हर कोई उसे कर सकता है."

पेपर ट्रिक

"मैं पीले कागज़ से इस किताब को
हवा में उठाऊंगा," टैड ने कहा.

बोरिस ने कहा, "इसमें जरूर कोई चाल छिपी होगी."
"तुम ठीक कह रहे हो!" टैड ने कहा.

टैड ने कागज को इस तरह आगे-पीछे मोड़ा.

फिर उसने कागज की दीवार को मेज पर खड़ा किया.
फिर उसने किताब, खड़े कागज की दीवार पर टिका दी.
"देखो!" टैड ने कहा.
"मुझे वो ट्रिक पसंद आई!" बोरिस ने कहा.

सख्त अंडा

"अपने दोनों हाथों इस
तरह पकड़ो," टैड ने कहा.
बोरिस ने वैसा ही किया.

टैड ने बोरिस के हाथों में अंडा रख दिया.
उसने अंडे को इस तरह रखा.

"अब अंडे को दबाओ!" टैड ने कहा.
"और अंडा तोड़ने की कोशिश करो!"
बोरिस अंडे को जितनी ज़ोर से दबा सकता था, उसने दबाया.
"यह अंडा टूट ही नहीं रहा है!" उसने कहा.
"बिल्कुल सही," टैड ने कहा.
"कोई भी अंडे को इस तरह दबाकर नहीं तोड़ सकता है!"

कार्ड छोड़ना

टैड ने फर्श पर एक बक्सा रखा.

उसने बोरिस को दस कार्ड दिए.

"आप सभी दस कार्ड उस बक्से में

नहीं डाल सकते हो," टैड ने कहा.

"हो! हो!" बोरिस हंसा.

"वो करना आसान होगा!"

बोरिस ने निशाना साधा.

उसने कार्ड गिराए.

लेकिन बक्से में केवल दो ही कार्ड गए.

"बक्से में कुछ खोट होगी!" बोरिस ने कहा.

"यह बक्से की खोट नहीं है," टैड ने कहा.

फिर टैड ने कार्ड्स को इस तरह पकड़ा.

उसने उन्हें सीधे छोड़ दिया.

हर कार्ड बक्से में जाकर गिरा.

बोरिस ने कहा, "यह ट्रिक मैं

पहले से जानता था."

जादुई स्ट्रॉ

टैड एक बोतल और एक स्ट्रॉ लाया.

"तुम ज़रा इस स्ट्रॉ की मदद से
से बोतल को उठाओ," टैड ने कहा.
"लेकिन तुम बोतल को अपने
हाथों से नहीं छू सकते हो."

बोरिस वो नहीं कर पाया.

टैड ने स्ट्रॉ का एक सिरा मोड़ा.
उसने स्ट्रॉ बोतल में इस तरह फँसाई.
फिर उसने बोतल उठाई.
बोरिस ने कहा, "मुझे यह ट्रिक नहीं पता थी."

जादुई शब्द

"अपनी अगली ट्रिक के लिए," टैड ने कहा,
"मैं एक जादुई शब्द का उपयोग करूंगा."

"जब मैं जादुई शब्द कहूंगा
तब तुम अपना पैर
इस तरह ऊपर नहीं उठा पाओगे!"
"हा!" बोरिस ने कहा.
"मुझे यकीन है मैं अपना पैर उठा पाऊंगा!"

"अपना दाहिना पैर दीवार से सटाकर रखो," टैड ने कहा.
"जब मैं जादुई शब्द ब्लूकस! कहूं.
तब तुम अपने बाएँ पैर को उठाने की कोशिश करना!"

"मैं अपना पैर नहीं उठा सकता!" बोरिस ने कहा.
टैड ने कहा, "ब्लूकस एक बहुत ही ताकतवर जादुई शब्द है."
"वो निश्चित है!" बोरिस ने कहा.

जादुई चित्र

एक कटोरी में थोड़ा सा नींबू का रस डालें.

फिर टैड एक सफ़ेद कागज़ लाया.
उसने टूथपिक को नींबू के रस में डुबोकर
कागज़ पर एक चित्र बनाया.
उसने खूब नींबू का रस इस्तेमाल किया.

जब चित्र सूख गया,
तब कागज पर कुछ भी नहीं दिख रहा था!

फिर उसने कागज को एक
प्रकाश बल्ब के सामने रखा.
वो एक तेज़ बल्ब था.

"अब ताली बजाओ," टैड ने कहा,
"और पांच बार 'बोरिस' कहो."

टैड ने कागज़ बोरिस को दिया.
कागज़ पर एक चित्र था!
"वो एक अच्छी ट्रिक थी," बोरिस ने कहा.
"लेकिन वो बहुत मज़ेदार नहीं थी!"

पागल कागज

टैड ने कागज में दिखाए
अनुसार दो कट बनाए.

फिर उसने बोरिस से कागज़ को फाड़ने को कहा.
तुम्हें एक ही बार में कागज़ के दोनों सिरों को फाड़ना है.
"वो आसान होगा!" बोरिस ने कहा.

बोरिस ने बार-बार कोशिश की.
लेकिन कागज़ का केवल एक ही सिरा फटा, दोनों नहीं.

"मैंने हार मान ली," बोरिस ने कहा.
"तुम उसे कैसे करते?"

"इस तरह," टैड ने कहा.

फिर टैड ने कहा, "मुझे लगता है
अब हम जादू-शो को ख़त्म करेंगे."

अंत